
# NEWSLETTER




# THE समाज CHRONICLE






## संपादकीय ...

प्रिय छात्राओं,
हम अपने विभाग में चिरप्रतीक्षित "संवाद पत्र " को आज आप सभी के सम्मुख मूर्त रूप में प्रस्तुत कर पा रहे हैं ; यह एक नई पहल है.....इसका उद्देश्य छात्राओं को उनके अपने विषय , समाजशास्त्र से और निकटता से पहचान कराना है। छात्राओं, समाजशास्त्र विषय की प्रासंगिकता आज के बदलते दौर में पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है , तब जबकि हम एक ऐसे समाज में जी रहे हैं जहां तकनीक,राजनीति और अर्थव्यवस्था तेजी से बदल रही है इस स्थिति में समाजशास्त्र हमें उन बदलावों को गहराई से समझने का दृष्टिकोण प्रदान करता है। भारत जैसे बहु - सांस्कृतिक देश में समाजशास्त्र हमें विभिन्न समुदायों, धर्मों और भाषाओं के बीच की विविधताओं, अंतर्संबंधों की व्याख्या करने के साथ-साथ सामाजिक एकजुटता को बनाए रखने के तरीकों का भी बोध कराता है। समाजशास्त्र केवल एक विषय नहीं बल्कि एक दर्पण है जो हमें दिखाता है कि हम कौन हैं और हम कहां जा रहे हैं।यह हमें एक बेहतर और न्याय पूर्ण समाज बनाने के लिए अनिवार्य अनुभव प्रदान करता है। एक अकादमिक विषय के रूप में समाजशास्त्र व्यक्ति में न केवल समाज के प्रति समझ विकसित करता है बल्कि उन्हें अपने अधिकारों और पहचान के प्रति जागरूक भी कराता है। समाजशास्त्र उन सामाजिक ढांचों को समझने में सहायक है जो व्यक्ति के जीवन को प्रभावित करते हैं चाहे वह जाति हो ,लिंग हो अथवा शक्ति। समाजशास्त्र छात्राओं को केवल डिग्री नहीं देता बल्कि उन्हें सामाजिक परिवर्तनों का "एजेंट आफ चेंज " बनाता है।
आशा है , आप सभी हमारी इस नयी पहल में , प्रत्येक पृष्ठ का हिस्सा बनकर समाजशास्त्रीय ज्ञान के विस्तार में, उसका व्यावहारिक प्रयोग करते हुए अकादमिक जीवन के विकास पथ पर अग्रसर होंगे.....आप सभी से पूर्ण सहयोग और योगदान की अपेक्षा में -

प्रोफेसर सुनीता कुमार
प्रोफेसर सत्या मिश्रा
प्रोफेसर अपर्णा सेंगर

# DEPARTMENTAL *Activities*
















## Book Exhibition 2023

सहर्ष अवगत कराना है कि विभाग की परंपरा का निर्वहन करते हुए दिनांक 26/09/2023 को नारी शिक्षा निकेतन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लखनऊ के समाजशास्त्र विभाग द्वारा एक "पुस्तक प्रदर्शनी" का आयोजन किया गया | इस अवसर पर बी ए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की समस्त छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया|लगभग 25 छात्राओं एवं सभी शिक्षिकाओं ने पुस्तकें क्रय की | छात्राओं ने विभाग की प्राध्यापिकाओं से अति उत्साह से नव - प्रकाशित पुस्तकों के विषय में चर्चा - परिचर्चा की| कार्यवाहक प्राचार्या प्रो वंदना उप्रेती ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए छात्राओं के समक्ष पुस्तकों की महत्ता स्पष्ट की और उन्हें पढ़ने के लिए प्रेरित किया| विभागाध्यक्ष प्रो सुनीता कुमार ने पुस्तकों को सर्वश्रेष्ठ मित्र बताया और छात्राओं को पुस्तकों से मित्रता करने के लिए प्रोत्साहित किया, प्रो सत्या मिश्रा ने छात्राओं को अवगत कराया कि ऑनलाइन माध्यम के बढ़ते हुए प्रचलन के बावजूद किताबों की महत्ता कम नहीं हुई है ,डा अपर्णा सेंगर द्वारा छात्राओं को किताबें खरीदने के लिए प्रेरित किया गया और आशीर्वाद बुक डिपो को धन्यवाद दिया गया कि उनके सहयोग से पुस्तकें छात्राओं को उनके कॉलेज प्रांगण में ही उपलब्ध कराई गई| कार्यक्रम में लगभग 80 छात्राएं उपस्थित रहीं और उत्साह से प्रतिभाग किया|

## Book Exhibition 2024

समाजशास्त्र विभाग अपनी परंपरा का निर्वहन करते हुए दिनांक 04/09/2024 को एक पुस्तक प्रदर्शनी" का आयोजन किया| इस अवसर पर बी ए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की समस्त छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया l छात्राओं ने विभाग की प्राध्यापिकाओं से अति उत्साह से नव - प्रकाशित पुस्तकों के विषय में चर्चा - परिचर्चा की| |कार्यक्रम में लगभग 80 छात्राएं उपस्थित रहीं और उत्साह से प्रतिभाग किया|









## Book Exhibition 2025








नारी शिक्षा निकेतन स्नातकोत्तर महाविद्यालय लखनऊ के समाजशास्त्र विभाग ने अपनी परंपरा का निर्वहन करते हुए दिनांक 9/9/2025 को महाविद्यालय के मैनेजर श्री नीरज पाठक जी एवं प्राचार्या प्रो अज़रा बानो के संरक्षण में एक पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।इस अवसर पर पहली बार समाजशास्त्र के अतिरिक्त अन्य विषय जैसे राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र ,अंग्रेजी ,हिंदी साहित्य,इतिहास, भूगोल आदि विषयों की पुस्तकों के साथ-साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे टेट ,यू जी सी नेट, यूपीएससी , यूपीपीसीएस के प्रश्न पत्र की पुस्तकों, को भी प्रदर्शनी में लगाया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन महाविद्यालय के प्रबंधक श्री नीरज पाठक द्वारा किया गया । उन्होंने पुस्तकों को खरीदने, पढ़ने और संग्रहीत करने के लिए छात्राओं को प्रोत्साहित किया । उपस्थित सभी प्राध्यापिकाओं एवं छात्राओं का अभिनंदन, स्वागत , समाजशास्त्र विभाग की अध्यक्ष प्रो सुनीता कुमार द्वारा किया गया । उन्होंने पुस्तक प्रदर्शनी के उद्देश्यों व महत्व से छात्रों को रूबरू कराया। इस कार्यक्रम में प्रो सुनीता कुमार द्वारा संपादित पुस्तक IKS : A Pathway to Holistic and Sustainable Development का विमोचन प्रबंधक श्री नीरज पाठक द्वारा किया गया। महाविद्यालय की सभी वरिष्ठ प्राध्यापिकाओं प्रो वंदना उप्रेती, प्रो सुमन मिश्रा, प्रो रुचि सक्सेना, प्रो वंदना संत,प्रो आयशा फातमी द्वारा पुस्तकों के महत्व को लेकर महत्वपूर्ण व्याख्यान दिए गए। कार्यक्रम में लगभग 87 छात्राएं उपस्थित रहीं । बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा सादिया ने विषय पर अपने विचार व्यक्त किया । पूरे कार्यक्रम का सफल संचालन समाजशास्त्र की प्रो सत्या मिश्रा द्वारा किया गया उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा में लिखित ज्ञान संग्रह का महत्व एवं किताबों को पढ़ने का महत्व बताया। कार्यक्रम में प्रोफेसर दिव्या पांडे, प्रो रजिया परवीन, प्रो ममता डोगरा,डॉ ऋचा चंद, डॉ नीतू, डॉ सबाहत आदि कार्यक्रम में उपस्थित रहीं ।कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन एवं प्रस्तुत प्रदर्शनी की योजना , इसमें उपलब्ध अंतर्नुशासनीय पुस्तकों के विषय में प्रो अपर्णा सेंगर द्वारा किया गया।







# Internship B.A. 5th Semester

On 8. 11. 23 the Internship Program for BA Sem -5 , Sociology began in Nari Shiksha Niketan PG College in the presence of Principal Prof. Sapna Verma .
Mr Neeraj Kashyap of Shridevi Educational Trust introduced the programme to the students , faculties of the Department of Sociology Prof Sunita Kumar, Prof Satya Mishra and Dr Aparna Sengar Organised the session. 40 students of Sociology participated in the session with great enthusiasm.











सहर्ष अवगत कराना है कि दिनांक 30/12/2023 को नारी शिक्षा निकेतन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लखनऊ के समाजशास्त्र विभाग द्वारा बी ए तृतीय वर्ष की छात्राओं , जिन्होंने समाजशास्त्र विषय को मेजर 1 के तौर पर लिया है उनके चतुर्थ प्रश्नपत्र इंटर्नशिप के पूर्ण होने पर प्रमाणपत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया है। इंटर्नशिप कार्यक्रम को प्रतिष्ठित स्वयंसेवी संगठन "शिवदेवी एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसायटी " के अध्यक्ष श्री नीरज कश्यप ने अपने सफल एवं कुशल निर्देशन में सम्पन्न कराया। कार्यक्रम को प्राचार्या प्रोफेसर सपना वर्मा ने अपनी गरिमामई उपस्थिति से सफल बनाया। उन्होंने छात्राओं को अपना आशीर्वचन दिया और उन्हें इंटर्नशिप के व्यावहारिक लाभों से परिचित कराया। समाजशास्त्र विभाग की वरिष्ठतम शिक्षिका प्रोफेसर सुनीता कुमार ने विभाग द्वारा संचालित किए गये इंटर्नशिप कार्यक्रम पर समग्रता में प्रकाश डाला और छात्राओं को इसकी उपयोगिता बताई। प्रोफेसर सत्या मिश्रा ने कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन किया और छात्राओं को इंटर्नशिप की अवधारणा से परिचित कराया। डॉ अपर्णा सेंगर ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में लगभग 43 छात्राओं को प्रमाणपत्र वितरित किए गये।










सहर्ष अवगत कराना है कि  दिनांक 12/12/2024 को नारी सेवा समिति की एक इकाई “ परिवार परामर्श केन्द्र “ द्वारा संचालित किए जा रहे 45 दिवसीय इंटर्नशिप कार्यक्रम का समापन किया गया l यह कार्यक्रम नारी शिक्षा निकेतन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लखनऊ के समाजशास्त्र विभाग द्वारा विषय के चतुर्थ प्रश्नपत्र के रूप में उक्त कोर्स को पूर्ण कराए जाने हेतु परिवार परामर्श केन्द्र को प्रस्तावित एवं अग्रसारित किया गया था जिसमें सत्र 2024 की 18 छात्राओं ने प्रतिभाग किया l45 दिवसीय संपूर्ण इंटर्नशिप कार्यक्रम का सफल संचालन एवं निर्देशन सुश्री प्रीति सिंह ने किया l समापन कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रबंधक , माननीय श्री नीरज पाठक जी एवं प्राचार्या प्रो0 अज़रा बानो ने अपने उद्बोधन से सबको अनुगृहीत किया l समाजशास्त्र विभाग की प्राध्यापिकाओं- प्रो0 सुनीता कुमार , प्रो0सत्या मिश्रा तथा प्रो0अपर्णा सेंगर ने इस कार्यक्रम की उपादेयता स्पष्ट की l परिवार परामर्श केंद्र की प्रमुख सुश्री प्रीति सिंह ने छात्राओं को कैसे प्रशिक्षित किया, इस पर प्रकाश डाला उन्होंने बताया की प्रशिक्षण के अंतर्गत छात्राओं ने फील्ड वर्क, केस स्टडी और काउंसलिंग किया। इंटर्नशिप कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाली सभी छात्राओं को मुख्य अतिथि श्री नीरज पाठक तथा विशिष्ट अतिथि एवं महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर अज़रा बानो ने प्रमाणपत्र वितरित किए l

---

## Student's *Feedback*

1. Our Sociology Department is a hub of deep thinking and great discussions.

2. The faculty members are incredibly supportive and always encourage us to see the world from a new perspective.

3. "It is a place where we don't just study society. We learn how to understand people and cultures better."

4. The atmosphere in our department is very intellectual yet friendly, making it the best part of our college.We are proud that we are students of this department.



**VARSHA UPADHYAY**
B.A 2ND YEAR SEM-4

समाजशास्त्र समाज का वैज्ञानिक अध्ययन है, जिसमें सामाजिक संबंधों के स्वरूप, सामाजिक अंत:क्रिया और संस्कृति शामिल हैं। समाजशास्त्र   शब्द काप्रयोग सर्वप्रथम फ्रांसीसी विद्वान ऑगस्टे कॉम्प्टे ने 1830 के दशक में किया था सामाजिक प्रक्रियाओं को प्रभावित करने के लिए हमें उन्हें समझना भी आवश्यक है।   समाजशास्त्र हमें स्वयं को बेहतर ढंग से समझने में मदद कर सकता है, क्योंकि यह इस बात का अध्ययन करता है कि सामाजिक जगत हमारे सोचने, महसूस करने और कार्य करने के तरीके को कैसे प्रभावित करता है

समाजशास्त्र विभाग में तो इंटर्नशिप और फील्डवर्क भी होते हैं!  इससे छात्रों को प्रैक्टिकल एक्सपीरियंस मिलता है और वे समाज में काम करने के लिए तैयार होते हैं।मुझे इंटर्नशिप का अनुभव है



NAINCY AWASTHI
B.A 3rd YEAR Sem 6th

समाजशास्त्र विभाग Department of Sociology विश्व विद्यालय और कॉलेज का वाह अकादमी हिसा है जहां मानव समाज सामाजिक व्यवहार संबंध संस्था और सामाजिक परिवर्तन का वैज्ञानिक अध्ययन किया जाता है

"समाजशास्त्र केवल समाज का अध्ययन नहीं है, बल्कि खुद को दूसरों के नजरिए से देखने की एक कला है। यह हमें सिखाता है कि हम जो हैं, उसमें हमारे समाज का कितना बड़ा हाथ है।"

"समाजशास्त्र वह विषय है जो अदृश्य सामाजिक धागों को उजागर करता है, जिनसे हमारा व्यवहार, हमारी संस्कृति और हमारी पहचान बुनी गई है।"

"अगर आप यह समझना चाहते हैं कि दुनिया कैसे चलती है और लोग एक-दूसरे से कैसे जुड़ते हैं, तो समाजशास्त्र से बेहतर कोई खिड़की नहीं है। यह विषय हमें साधारण चीजों में असाधारण पैटर्न देखना सिखाता है।"



Jayanti nishad
**B.A 3rd YEAR SEM 6TH**

समाजशास्त्र विभाग में हमें समाज की संरचना, संस्कृति, परंपराएँ और सामाजिक संबंधों को समझने में मदद देता है। है।  यह विभाग हमें तार्किक और आलोचनात्मक सोच विकसित करता है, जिससे हम सामाजिक समस्याओं को गहराई से समझ पाते हैं।

समाजशास्त्र में छात्रों को सर्वे, इंटरव्यू फोल्डवर्क और डेटा विश्लेषण जैसे शोध तरीके भी सीखने का मौका मिलता है। यह विभाग गरीबी, असमानता, लैगिक भेदमव और शिक्षा से जुड़ी समस्याओं के बारे में जागरूकता मिलती है। समाज शास्त्र का संबंध कई अन्य विषयों से भी होता है जैसे-Psychology, Political Science, Economics और Anthropology
मैं बहुत खुश हूँ कि मैंने समाजशास्त्र विषय लिया। इस विषय से मुझे समाज को समझने में मदद मिलती है। यह विषय पढ़ने के बाद बहुत से करियर के अवसर मिल सकते हैं।
जैसे-
Social work, Public policy ,NGOS, Research organizations, Education,Human resources,Civil services



FAHMEENA SAEED
B.A 2ND YEAR SEM 4TH

# Student Seminars












































# Online lectures and seminars/webinars



























# Offline Lectures & seminars




















# The Page of milestones

## Professor Sunita Kumar























लखनऊ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध नारी शिक्षा निकेतन महाविद्यालय में दिनांक 12 मार्च 2024 को भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद आईसी एस एस आर के तत्वाधान एवं उनके सहयोग में एक दिवसीय प कार्यशाला का आयोजन प्रो. सुनीता कुमार (प्रोजेक्ट डायरेक्टर कार्यक्रम संयोजक एवं विभाग अध्यक्ष समाजशास्त्र) के द्वारा किया गया इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रो. सुनीता कुमार के द्वारा अल्पकालिक अनुभवजन्य व्यक्तिगत अनुसंधान परियोजना के निष्कर्ष को प्रसारित करना रहा जिसका शीर्षक "कौशल विकास कार्यक्रम और गैर सरकारी संगठनों की भूमिका और हितधारकों पर प्रभाव एक समाजशास्त्रीय अध्ययन" रहा l उक्त कार्यक्रम दो तकनीकी सत्रों में विभक्त था कार्यक्रम का शुभारंभ प्रो. सुनीता कुमार द्वारा प्रस्तुत स्वागत उद्बोधन एवं कार्यक्रम की रूपरेखा का संक्षिप्त विवरण देते हुए किया गया तथा कार्यक्रम में उपस्थित समस्त विशिष्ट अतिथियों क्रमशः प्रोफेसर डॉ साहू (विभागध्यक्ष समाजशास्त्र विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय) श्रीमती संघमित्रा प्रो. जय शंकर पांडे प्रोजेक्ट डायरेक्टर आईसीएसएसआर श्री नीरज पाठक प्रबंधक (नारी शिक्षा निकेतन महाविद्यालय) कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. वंदना उप्रेती, डॉ प्रदीप शर्मा (एसोसिएट प्रोफेसर शिया पी जी कॉलेज सुश्री प्रेरणा त्रिपाठी (संस्थापक अकादमी कंसलटेंट) डॉक्टर श्वेता शुक्ला (प्रोजेक्ट को- डायरेक्ट)एवं सहायक प्रोफेसर ) श्रीमती सरोजा (जे.जे .फाउंडेशन संस्थान संस्थापिका ) श्री अनिल कुमार श्रीवास्तव,जन शिक्षण संस्थानआदि उपस्थित समस्त गणमान्य जनों का स्वागत एवं अभिनंदन किया उक्त कार्यक्रम में सभी ने अपने विचार प्रस्तुत कर समाज के निर्माण में एनजीओ की भूमिका तथा सामाजिक परिवर्तन हेतु कौशल विकास परियोजनाओं एवं प्रशिक्षण संस्थानों का प्रमुख योगदान जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा संवाद के कार्यक्रम के दौरान नारी सेवा समिति द्वारा संचालित उन्नति प्रोजेक्ट की केंद्र अध्यक्ष सुश्री प्रियंका सिंह ने बताया कि सर्वप्रथम हुए समाज में परिवर्तन हेतु सभी वर्गों एवं समुदायों के लोगों में संवेदनशीलता का बोध अति आवश्यक है साथ ही उन्नति प्रोजेक्ट में विभिन्न गतिविधियों एवं प्रशिक्षकों की भी जानकारी देते हुए सभी को जागरूक किया कार्यक्रम का समापन प्रो. सुनीता कुमार (प्रोग्राम डायरेक्टर ) ने सभी श्रोताओं (160) जिसमे प्रोफेसर, हितधारक , शोधार्थी, छात्रों को कौशल विकास के संदर्भ में अपनी कार्यशाला की सफलता के लिए सभी लोगों को औपचारिक रूप से धन्यवाद ज्ञापित किया और उनका हृदय से आभार व्यक्त किया ।

## Professor Aparna Sengar


A minor project on GENDER INCLUSION IN URBAN GOVERNANCE: A STUDY OF LUCKNOW CITY IN UTTAR PRADESH is awarded to Dr Aparna Sengar . Project is funded by Uttar Pradesh Higher Education Research and Development Department .








# Professor Satya Mishra














वर्ष 2023 में प्रकाशित प्रोफेसर सत्या मिश्रा की पुस्तक " भारतीय गांव: निरन्तरता एवं परिवर्तन " , उत्तर प्रदेश शासन के पुस्तकालय प्रकोष्ठ द्वारा क्रय करने हेतु चयनित की गयी । दिनांक 30/09/2024 को उक्त पुस्तक की खरीद हेतु निर्धारित की गई 76 प्रतियां शासन के पुस्तकालय प्रकोष्ठ में निश्चित समय पर उपलब्ध करा दी गई ।इस पुस्तक में महाविद्यालय की जिन विदुषी सहयोगियों के अध्याय प्रकाशित हुए हैं ,उनके नाम हैं - प्रोफेसर विभा अग्निहोत्री , डॉ शोभा त्रिपाठी , प्रोफेसर वंदना संत , प्रोफेसर आयशा फातमी
प्रोफेसर सत्या मिश्रा

# यादें & यात्रा : Alumni Edition



## Ms. Pragati Singh

**Qualification - B.A in Sociology, English & Sanskrit from Nari Shiksha Niketan P.G College**
**Post Graduation - From Lucknow University in Sanskrit**
**Currently working in Seth Anandram Jaipuria school,Ansal ,Golf City ,Lucknow -**

**ये तो रहा एक नन्हा सा परिचय जो बयां करता है मेरे और नारी शिक्षा निकेतन कॉलेज और समाजशास्त्र विभाग के साथ मेरे रिश्ते को......**
**किताबों के बीच में छिपी वो मुस्कुराहटें, कॉलेज की गलियों में गूँजती वो शरारतें।**
**आह !! जीवंत हो उठती हैं , अतीत की यादें**
**बहुत याद आतीं हैं दोस्तों कि बातें !!**
**गुरूजनों का एक संदेश आज भी साथ है- मेहनत की राह पर चलते रहो,**
**मंजिल खुद-ब-खुद करीब आएगी।**

# Dr. Shalini Yadav



Aarti Vishwakarma

Shalini Yadav



**Batch 2008 - 2011**

**Presently working -**
**Assistant Professor**
**Department of Sociology**
**Juhari Devi Girls P. G. College, Kanpur <This message was edited> I completed my Bachelor of Arts from Nari Shiksha Niketan P.G. College during the 2008–2011 batch, and my time there was truly enriching. The college played a significant role in shaping my future and giving me a clear sense of direction.**

**My interest in Sociology developed under the guidance of my respected teachers—Sunita Ma'am, Satya Mishra Ma'am, and Aparna Ma'am. Their teaching made the subject engaging and meaningful for me. I was especially inspired by Satya Mishra Ma'am, who often shared real-life experiences in class. Her insights deeply motivated me and encouraged me to pursue a similar path.**

**I owe my achievements to the support and mentorship of my teachers. With their guidance, I continued my academic journey by completing my M.A. and M.Phil., and successfully qualifying for exams like NET and JRF. Today, I am proud to be working as an Assistant Professor.**
**I sincerely thank all my teachers, especially Satya Ma'am, Sunita Ma'am, and Aparna Ma'am, for their invaluable guidance and for helping me build the foundation of my success.**

## *Picture Vault*











